>

Title: Need to provide piped natural gas to the people in Palghar Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री बलीराम जाधव (पालघर) : मेरा संसदीय क्षेत्र् पालघर, जिला थाना महाराÂट्र है जहां से प्राकृतिक गैस पाइप लाइन निकल कर जाती है। मेरे क्षेत्र्वासी इस पाइप गैस की मांग पिछले 10 सालों से उठा रहे हैं। परन्तु अभी तक उनको पाइप गैस नहीं मिल पायी है। मेरे संसदीय क्षेत्र् के एक अहम हिस्से को जिसे बोइसर के नाम से जाना जाता है महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसको एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र् बनाया जा रहा है। इसीलिए वहां बड़े-बड़े उद्योग, फैक्ट्री आदि लगायी जा रही है। उनकी वजह से वहां प्रदूÂ◌ाण की समस्या खड़ी हो गयी है। परन्तु एक अच्छी बात यह है कि वहां पाइप प्राकृतिक गैस की लाइन आ गई है उस पाइप गैस का एक्सटेंशन मेरे अन्य क्षेत्रों में नहीं किया है। जबकि सच्चाई यह है कि बोईसर लाइन आने से मेरे क्षेत्र्वासियों को गैस आसानी से उपलब्ध कराई जा सकती है। यह भी एक विडम्बना है कि पाइप प्राकृतिक गैस का उद्गम बॉम्बे हाई तथा दक्षिणी और उत्तरी वसई की गैस फील्डों से हुआ है जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र् के अहम हिस्से हैं। परन्तु वहां के क्षेत्र्वासियों को गैस न देकर दूसरी जगह जैसे उरन, गुजरात तथा उत्तर प्रदेश के कुछ भागों को दे दी गई है। यह सरासर वसई थाने पालघर के वासियों के साथ अन्याय की बात है। अतः मैं माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से गुजारिश करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र् पालघर (थाना जिला) के वासियों के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द गैस उपलब्ध करायी जाए।

_